सफलता की कहानी कास्तकार की जुबानी

मै महेन्द्र सिंह नगी पुत्र श्री भवान सिंह ग्राम मलैना पो0 भुजान जिला अल्मोडा का निवासी हूँ मेरी आयु वर्तमान में 43 वर्ष की है मै विगत वर्षो मे प्राचीन पद्धति से खेती –बाडी में रूचि नही रखता था, लेकिन उद्यान विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं ने मुझे आकर्षित किया मेरा रूझान उद्यान स्थापना की ओर आया,तब से निरन्तर मुझे नयी–नयी उमगं के साथ अपने कृषि कार्यो से मुझे अच्छी आमदनी होने लगी हैं। और मुझे अच्छा स्वरोजगार प्राप्त हुआ है।

वर्ष 2006–07 में उद्यान विभाग द्वारा हा0टे0मि0 योजना के अन्तर्गत ड्रिप सिचाई योजना का लाभ मिला,पूर्व में इसके महत्व को नही समझा लेकिन निर्माण करने के उपरान्त इसकी उपयोगिता से मैं सन्तुष्ट हुआ । मेरा उद्यान एक पहाडी उबड खाबड भूमि में स्थापित है। जिसमें सिचाई करने एवं पौधो की उर्वरक देने की काई व्यवस्था नही थी,लेकिन टपक सिचाई योजना से मानो उद्यान को पुर्नजन्म मिल गया सभी दुर्गम स्थानों पर लगे फल वृक्षो को विना परेशानी के सिंचाई एवं खाद मिल रही है। फल वृक्षो की बढवार बहुत अच्छी हो रही है एवं उत्पादन भी आशातीत हो रहा है।

वर्ष 2006–07 में उद्यान विभाग द्वारा हा0टै0मि0 योजना अन्तर्गत एक वर्मी कम्पोस्ट यूनिट की रू 30000.00 अनुदान राशि पर स्थापना करायी गयी जिसमें 80 दिनों कैचुओं द्वारा खाद तैयार की जा रही है। जो उपयोगिता की दृष्टि से बहुत अच्छी है। इससे मेरे फल वृक्ष,शाकभाजी की फसल एवं आलू की फसल को अच्छा लाभ मिल रहा हैं । वर्ष भर लगभग 50 कु0 खाद का उत्पादन करता हूँ ।

मेरे द्वारा हा0टै0मि0 योजना अन्तर्गत 34.35 घन मी0 माप का व्यक्तिगत जल भण्डार टैक बनाया गया,जिसमें मुझे 11450.00 रू. की राजसहायता प्राप्त हुई इस टैक द्वारा फल एवं सब्जी की खेती के लिए समुचित मात्रा में पानी उपलब्ध हो रहा है। इस टैक के साथ रू. 18500.00 के अनुदान राशि पर ड्रिप सिचाई प्रणाली स्थापित है। वर्ष 2004–05 मे मुझें 100 आम कल्मी पौधे उपलब्ध कराये गये इस वर्ष यह पौधें फल देने की प्रारम्भिक अवस्था में है। वर्तमान में मेरे आम के उद्यान में 300 वृक्ष है। जिनसे मुझें रू. 11000.00 की आमदनी प्राप्त हुई है। मुझे पिछले पॉच वर्षो में सब्जी क्षेत्रफल विस्तार हेतु टमाटर,शिमला मिर्च बन्दगोभी एवं बैगन के हाईब्रिड बीज तथा मसाला क्षेत्रफल विस्तार हेतु पतली मिर्च हाईब्रिड बीज प्राप्त हुए जिनसे मुझे अच्छा उत्पादन प्राप्त हुआ तथा मेरी आर्थिक स्थिति में काफी बदलाव आया है।

उपरोक्तानुसार सुविधाओं के अलावा उद्यान विभाग द्वारा मुझे भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से भी लाभान्वित किया गया है तथा समय–समय पर तकनीकी जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। फलस्वरूप आज मुझे लगभग रू. 72000.00 वार्षिक आय प्राप्त हो रही है।

(महेन्द्र सिंह नगी पुत्र श्री भवान सिंह)
ग्राम मलैना पो0 भुजान जिला अल्मोडा

हार्टिकल्चर टेक्नोलॉजी मिशन के अन्तर्गत
सफलता की कहानियॉ
जनपद--अल्मोड़ा

जिला उद्यान अधिकारी,
अल्मोड़ा



वर्मी कम्पोस्ट पिट
(श्री मेहन्द्र सिंह पुत्र श्री भवान सिंह)
ग्राम मलौना
उ0स0द0 केन्द्र बमस्यू जिला अल्मोड़ा

व्यक्तिगत टैक
(श्री मेहन्द्र सिंह पुत्र श्री भवान सिंह)
ग्राम मलौना
उ0स0द0 केन्द्र बमस्यू जिला अल्मोड़ा

टपक सिचाई प्रणाली
(श्री मेहन्द्र सिंह पुत्र श्री भवान सिंह)
ग्राम मलौना
उ0स0द0 केन्द्र बमस्यू जिला अल्मोड़ा

आम क्षेत्रफल विस्तार
(श्री मेहन्द्र सिंह पुत्र श्री भवान सिंह)
ग्राम मलौना
उ0स0द0 केन्द्र बमस्यू जिला अल्मोड़ा